काल की विकरल की

काल की विकरल की,
त्रिलोकेश्वर त्रिकाल की,
भोले शिव कृपाल की,
करो रे मंगल आरती,
मृत्युंजय महाकाल की,
बाबा महाकाल की,
ओ मेरे महाकाल की,
करो रे मंगल आरती,
मृत्युंजय महाकाल की,

पित पुष्प बाघम्बर धारी,
नंदी तेरी सवारी,
त्रिपुण्डधारी हे त्रिपुरारी,
भोले भव भयहारी,
शम्भु दिन दयाल की,
तीन लोक दिगपाल की,
कैलाषी शशिभल की,
करो रे मंगल आरती,
मृत्युंजय महाकाल की,

डमरू बाजे डम डम डम डम,
नाचे शंकर भोला,
बम भोले शिव बम बम बम बम,
चढ़ भंग का गोला,
जय जय हृदय विशाल की,
आशुतोष प्रतिपाल की,
नौना धक धक ज्यला की,
करो रे मंगल आरती,
मृत्युंजय महाकाल की,

आरत हारी पालनहारी,
तू है मंगलकारी,
मंगल आरती करे नर नारी,
पाएं पदारथ चारी,
कालरूप महाकाल की,
कृपासिंधु महाकाल की,
उज्जैनी महाकाल की,
करो रे मंगल आरती,
मृत्युंजय महाकाल की,

बाबा महाकाल की,
ओ मेरे महाकाल की,

करो रे मंगल आरती,
मृत्युंजय महाकाल की,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2990/title/kaal-ki-vikrall-ki-trilokeswar-trikal-ki-bhole-shiv-kirpal-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |